Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Naik Shri Shripad Yasso

an>

Title : Need to introduce a local train from Panvel to CST via Diva Junction in South Konkan region of Goa.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : महोदय, मैं रेलवे मंत्रालय का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूँ कि महाराट्र राज्य में पनवेल से सीएसटी अर्थात छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, मुंबई तक वाया ढीवा जंक्शन, लोकल ट्रेन चलाए जाने की मांग पिछले काफी समय से लोकसभा में तथा अन्य माध्यमों से उठाई जाती रही है। यह योजना पिछले काफी समय से रेल मंत्रालय के पास लम्बित पड़ी है। इस लोकल ट्रेन के चलने से जहां रेलवे को लाखों रूपए की आमदनी प्रतिमाह होगी, वहीं कोंकण क्षेत्र, विशेाकर दक्षिणी कोंकण क्षेत्र जैसे ढीवा और उसके नजदीकी क्षेत्रों के लोगों को भारी लाभ होगा। मैं यह भी आग्रह करना चाहता हूँ कि इन ट्रेनों को चलाने के लिए रेल मंत्रालय अथवा सरकार को एक भी पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वहां सभी संसाधन पहले से ही मौजूद हैं। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि कोंकण क्षेत्र के लोगों की परेशानी तथा पिछले काफी समय से लम्बित मांग को देखते हुए शीघ्र ही लोकल ट्रेन चलाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।